और 1968 के दौरान कितनी हत्यायें की गई तथा कितनी डकैतियां डाली गई और डकैतियों तथा हत्याओं की संख्या में वृद्धि होने के क्या कारण हैं; और

(ख) उक्त जिले में विधि तथा व्यवस्था की स्थिति को सुधारने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि बांदा जिले में सन् 1966 में हत्याओं तथा डकैतियों के 90 सत्य मामलों के मुकाबले में सन् 1967 के दौरान 87 सत्य मामले दर्ज किये गये ।

(ख) इन मदों के अधीन अपराधों की घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में गश्त कड़ी कर दी है । ग्राम प्रतिरक्षा समितियों का पुनर्गठन किया जा रहा है तथा सशक्त बनाया जा रहा है । शस्त्रों के अवैध उत्पादन का पता लगाने के लिये समुचित प्रयत्न किये जा रहे हैं ।

प्रादेशिक भाषाओं के माध्यम से शिक्षा देने के लिये राजस्थान को सहायता

8548. **श्री मीठा लाल मीना** : क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रादेशिक भाषाओं के माध्यम से शिक्षा की योजना के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार राजस्थान सरकार को कुछ राशि देने के लिये सहमत हो गयी है;

(ख) यदि हां, तो कितनी और वह कब दी जायेगी; और

(ग) राजस्थान में शिक्षा की उपरोक्त योजना की क्रियान्विति सुनिश्चित करने की दृष्टि से केन्द्रीय सरकार कब तक इस संबंध में अन्तिम निर्णय कर लेगी ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री शेर सिंह) : (क) और (ख). शिक्षा के माध्यम में परिवर्तन की सुविधा के लिए, क्षेत्रीय भाषाओं में विश्वविद्यालय स्तर के साहित्य के निर्माण हेतु, वित्तीय सहायता की योजना के अधीन, भारत सरकार 1967-68 से 6 वर्ष तक की अवधि के लिए प्रत्येक राज्य सरकार को एक करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा तक जिसमें राजस्थान भी शामिल है, सिद्धान्त रूप में सहायता देने लिए राजी हो गई है ।

(ग) राजस्थान की राज्य सरकार द्वारा भेजी गई योजना विचाराधीन है ।

आगोसी घाट पर यमुना नदी पार करने के लिये शुल्क

8549. **श्री जगेश्वर यादव** : क्या परिवहन तथा नौवहन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में जिला बांदा में आगोसी घाट पर यमुना नदी पार करने वाले लोगों से लिये जाने वाले कर को दर्शाने वाली सूची नहीं दिखाई जाती और ठेकेदार मनमाने ढंग से कर वसूल करता है,

(ख) क्या यह भी सच है कि उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले में जिला परिषद उपर्युक्त घाट का प्रबन्ध करने के लिये उत्तरदायी है तथा उपर्युक्त घाट का ठेकेदार उस परिषद के अधिकारियों से मिलकर काम कर रहा है;

(ग) क्या इस बारे में कोई शिकायत प्राप्त हुई है; और

(घ) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

परिवहन तथा नौवहन मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) से (घ). राज्य सरकार से सूचना एकत्रित की जा रही है और यथा समय सभा पटल पर प्रस्तुत कर दी जायेगी ।